Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-03-2022 | अंक 178

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

### बिहार : शतरंज के बिसात पर शह और मात के खेल में बीजेपी ने मुकेश साहनी को किया बाहर



डॉ अनिल कुमार

बिहार मे बीजेपी ने एक जाति विशेष( निषाद) पर आधारित राजनीति करने वाले अति महत्वाकांक्षी वयक्ति मुके श साहनी ने उसकी औकात दिखा दी । दरअसल क्षेत्रीय पार्टी वो भी एक जाति को ले कर राजनीति कर के मुख्यमंत्री बनने का सपना पालने वाले सहनी कोई मंजे हुए नेता नही हैं ना ही रा. जनीति में कोई लंबा अनुभव है। बीजेपी ने उन्हें हारने के बाद भी कैबिनेट मंत्री बनाया लेकिन मुकेश सहनी लगातार बीजेपी पर हमलावर रहे, बिहार में मात्र 3 सीट मिली और उसी के बदौलत सहयोगी पार्टी से बार्गेनिंग और ब्लैकमे. लिंग करते रहे, सत्ता के नशे में इतना चूर रहे कि अपने पार्टी के विधायक के असंतोष को अनदेखा करते रहे।। श्सन ऑफ मल्लाहश के नाम का इस्तेमाल अपने आप को सिर्फ निषाद की राजनीति में स्थापित करने का रहा । दरअसल नीतीश और बीजेपी अपनी जरूरत के अनुसार राजनीति में किसी को भी अहमियत देते हैं और मो. हरे की तरह इस्तेमाल करते हैं। जब सतरंज की बिसात पर एक प्यादा वजीर को चुनौती देने की हिमाकत करता है तो हश्र यही होता है ।

### करसो में बस एवं ट्रेलर के टक्कर में सात घायल



घायल बस यात्री

बरही थाना अंतर्गत करसो के समीप बीते रात हुई बस एवं ट्रेलर की टक्कर में सात लोग घायल हो गए। घायलों में शत्रुधन कुमार (40 वर्ष) पिता चरकामाही रांची, मनोरमा कुमारी (19 वर्ष ) पिता सोहन निषाद गोरखपुर, प्रमेश्वर महतो ( 58 वर्ष) पिता स्व बसंत महतो केदली, सहोदरा कुमार ( 35 वर्ष) पिता बिरसा लोहार खड़दोरी, चंदन कुमार सुमन (18 वर्ष )विजय कुमार दांगी पथलगड्डा एवं उमेश यादव ( 30 वर्ष) पिता बलतंश यादव कैमूर बिहार शामिल है। जानकारी के अनुसार बस रांची से बनारस की ओर जा रही थी। वहीं करसो के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर ने बस को अपने चपेट में ले लिया। हालांकि बस ड्राइवर के सूझ बुझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बच गया। बस में सफर कर रहे लोगो को सिर्फ मामूली चोटे आई। वहीं सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया गया।

### अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, बाल बाल बचे कार सवार

खोड़ाहर के पास तेज गति से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद कार क्षतिग्रस्त हो गई। लेकिन कार में सवार तीन लोगों को मामूली चोट लगी। जिन्हें चोट लगी उनमे संजय गुप्ता(50) ज्योति गुप्ता (42 ) एवं चालक तौफीक (24) शामिल थे। तीनो का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दिया गया। ये लोग हैदराबाद से तिलैया जा रहे थे। श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रोहित सिंह ने बताया कि श्रीदास स्कूल के अ०पोजिट साइड दुर्घटना जोन बनता जा रहा है। कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

# बरही ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना को पूरा कराने के लिए संकल्पित है झारखण्ड सरकार : अकेला

## पूर्व विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताई पेयजलापूर्ति योजना की हकीकत, विधानसभा में उठा चुके हैं मामला

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही उजैना में स्थापित हो रहे बरही ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना 14 साल से अधूरा पड़ा है। हालांकि इस योजना को चालू कराने के लिए विधायक उमाशंकर अकेला अपने स्तर से प्रयासरत रहे। इस योजना को लेकर उन्होंने विधानसभा में कई बार सवाल भ उठाया है। जिसके आलोक में सरकार ने अब तक योजना पूरा नही होने का कारण बताया । जिसकी जानकारी विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि बरही ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना डीवीसी के सीएसआर फण्ड एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार के वितीय सहयोग से लगभग 17 करोड़ 83 लाख की लागत से पूरा करना था। जिसमे लगभग साढ़े 9 करोड़ रुपये डीवीसी को देना था। डीवीसी के द्वारा मात्र 6 करोड़ दिया। शेष राशि का भुगतान नही किया गया। जिसके वजह से योजना अधूरा रहा है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते विधायक अकेला

डीवीसी से एनओसी ले लिया गया है।। अब झारखण्ड सरकार के द्वारा शेष बचे काम के लिए डीपीआर तैयार कर लिया गया है। स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही इस योजना को पूरा किया जएगा। बताया कि इस पेयजल आपूर्ति योजना को पूरा होने से बरही पूर्वी, बरही प0 कोनरा, रसोइया धमना एवं बेन्दगी पंचायत के लगभग 20 से अधिक गांव के 40 हज़ार की अबादी को लाभ मिलेगा। विधायक ने जीतपुर से धोब्घट तक 5 किमी की सड़क सहित सुदूरवर्ती इलाकों में पक्की सड़क बनाने की बात कही। मौके पर मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, मनोहर यादव, कार्यलय प्रभारी नरेश सिंह, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, मनोज कुमार, मोहन प्रजापति, अर्जुन पंडित, प्रयाग प्रसाद एवं टिंकू केशरी मुख्य रूप से मौजूद थे

# बरही विधायक ने किया प्रेस कांफ्रेंस कर कहा :

## रूपेश के हत्यारे से मिलने की बात अगर साबित हो गई तो मैं कर दूंगा विधायक पद से इस्तीफा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कक्ष में प्रेस क०न्फ्रेंस कर कहा की पिछले दिनों सोशल मीडिया पर रूपेश के हत्यारे से मिलने की जो फर्जी खबर बनाकर अफवाह फैलाई गई । वह पूरी तरह से बेबुनियाद है। मुझे बदनाम करने के लिए विपक्षी नेताओं के द्वारा षड्यंत्र रची गई है। उन्होंन चुनौती देते हुए कहा कि अगर मैं रूपेश के हत्यारों से मिलने हजारीबाग कारा जाने की बात



जानकारी देते विधायक अकेला

कोई विपक्ष पार्टी के नेता साबित कर देते है तो मैं अपने पद से इस्तिफा दे दूंगा। यह सब मुझे बदनाम करने की साजिश है, वहीं पत्रकारों ने जब उनसे रूपेश के परिजनों के द्वारा पैसे लौटाने के बात पूछा तो उन्होंने कहा की मैने रूपेश के परिजनों को सहयोग के रूप में पच्चास हजार रूपया दिया था। वहीं वि. रोधी दलों के बहकावे में आकर रूपेश के परिजनों ने मेरे द्वारा दिया गया सहयोग राशि लौटा दिया। जिस प्रकार रूपेश के परिजनों ने मेरे द्वारा दिए गए सहयोग राशि को लौटा दिया तो उसी प्रकार अन्य नेताओं और मंत्रियों के द्वारा जो सहयोग के रूप में राशि दिया गया था तो उसे भी लौटा देना चाहिए था।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, बच्चो ने किया बेहतर प्रदर्शन



परीक्षा परिणाम घोषित करते प्राचार्य गुलाब दास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

मलकोको पंचायत स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे नर्सरी से नौंवी कक्षा तक के बच्चों का परिणाम सुनाया गया। कुछ बच्चों ने शानदार तो कुछ बच्चों का परीक्षा परिणाम सामान्य रहा । नर्सरी से रोहित कुमार प्रथम ,एलकेजी से दिलशाद,यूकेजी से मुदासिर कक्षा 1 से सुबोध ,द्वितीय कक्षा से नंदनी ,तृतीय कक्षा से तनवीर आलम ,चौथा से काजल ,पंचम से आयुष,छठा से तमन्ना, सप्तम से चाँद ,अष्टम से निशा, नवम से सतीश शर्मा प्रथम स्थान हासिल किया । सारी वर्गों में सबसे ज्यादा अंक तमन्ना प्रवीण ने लाकर विद्यालय ट०पर रही ।प्रत्येक कक्षा में ग्रेड में बाँटा गया जिसमें ग्रेड ।+ लाने वाला विद्यार्थी जन्नत,रुक्सार,तहसीन,पवन ,नेहा,पूजा, सोनू, प्रेम,सतीश,रानी,साजरा,रानी ,इल्यास,अंजलि,शिव,सुभाष, चांदनी,तरन्नुम,सोनम,आयुष ,पंकज, तनवीर अंसारी,सुमन,पूजा,स्वीटी,रिया,लक्ष्मी ,प्रियांशु आदि शामिल रहे। ।विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने सभी बच्चों बधाई देते हुए सभी बच्चों को बेहतर भविष्य की कामना किए । मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास,दिनेश कुमार यादव,सूरज दास, शंकर दास, प्रवीण कुमार,शिव कुमार यादव,रोहित कुमार ,सकलदेव यादव, सिमा कुमारी, फरजाना खातून आदि मौजूद रहे।

## डीएसई की नियमित पोस्टिंग नही होने से शिक्षको को हो रही है परेशानी : प्रवीण कुमार

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में आजप्ता की बैठक, सांगठनिक चुनाव पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल शिक्षकगण

अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक सांघ की ओर से अनुमंडल स्तरीय अजाप्ता की विशेष बैठक प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय परिसर में हुई। अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार एवं संचालन सचिव मथुरा प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का मुख्य विषय जिला सांगठनिक चुनाव , जिला स्तरीय शिक्षक समस्या,गुणवता पूर्ण शिक्षा और शिक्षको को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्ति रहा । जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला शिक्षा अधीक्षक का न होने के कारण शिक्षको की काफी समस्या जिला स्तर पर लंबित है। जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। । इस कार्यक्रम में चलकुशा से संतोष जी बरकट्ठा से शशि भूषण ,जमुना ,युगल ठाकुर चौपारण से जनार्दन जी,बद्री ,बडियूज्ज्म राकेश, सुरेंद्र, कैसर कटकमसांडी से बिनोद रंजन, पदमा से सचिदानंदन ,राजू जी, जिला से श्रीकांत सिंहा, संजय चंद,बरही से ,राजेन्द्र प्रसाद आर्य ,तुलसी कुमार दास,संजय सिंह,मिथलेश सर ,शशि भूषण , एहसान अहमद सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया ।

## जे एम एम के स्थापना दिवस को लेकर बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा : प्रखंड मुख्यालय के निकट जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी के नेतृत्व में 4 अप्रैल को हजारीबाग में होने वाली स्थापना दिवस को लेकर बैठक किया गया बैठक में 9पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए बैठक में मुख्य रूप से स्थापना दिवस पर जायदा संख्या में हजारीबाग पहुंचने का लोगों से अपील किया गया ।मौके पर बाबुलाल यादव, नारायण दास, कुर्बान अंसारी, रहमान अंसारी, अख्तर अंसारी एवं काफी संख्या में लोग उप. स्थित थे।

APEM LIVE

## स्वस्थ्य परिवार से ही समृद्धराष्ट्र संभव - पद्मश्री मुकुंद नायक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




पुरे देश में ष्स्वास्थ्य परिवार समृद्ध राष्ट्र अभियान चलाने वाली संस्था प्रतिभा जननी सेवा संस्थान ष्रोग मुक्त झारखण्डष मिशन पर काम कर रही है। इसी कड़ी में संस्था के चेयरमैन मनोज सिंह राजपूत ने श०ल और पुष्पगुच्छ देकर पद्मश्री मुकुंद नायक जी का सम्मान किया। इस अवसर पर झारखंडी एकता संघ के अध्यक्ष असलम अंसारी , इन्द्रध्रुम हर्बल टेक्नोल०जी की सीईओ मीना एंथोनी तिर्की उपस्थित थी। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि स्वस्थ्य परिवार ही समृद्ध राष्ट्र की निशानी है। राष्ट्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ्य होना होगा और स्वस्थय रहने के लिए प्रकृति के करीब रहना होगा। उन्होंने कहा कि भ्म ।स्ज्भ्ल थ् ।डप्स्ल ॅम् ।स्ज्भ्ल छ ।ज्प्व्छ अभियान को मेरा पूरा मार्गदर्शन और सहयोग रहेगा।

## चलकुशा : वन भूमि पर खुल रहे हैं प्राइवेट स्कूल, शॉपिंग मॉल वन अधिकारी मौन

### आवेदन देने का बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई : ग्रामीण

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियौन में भूमाफियाओं द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण कर प्राइवेट स्कूल शॉपिंग मॉल एवं दुकान वन अधिकारियों के मिली भगत से बनाया जा रहा है। मामले की जानक. ारी ग्रामीणों ने एक आवेदन दिया। जिसमें कहा है कि चलकुशा प्रखंड क्षेत्र अंतगर्त बरियोंन के खाता नंबर 41 प्लॉट नंबर 300 पर भूमाफियाओं के द्वारा लगातार अतिक्रमण किया जा रहा हैं। साथ ही ग्रामीणों ने वन अधिकारियों पर आरोप लगाया कि ग्रामीणों के द्वारा कई बार आवेदन व दूरभाष पर जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कि जा रही हैं। लेकिन वन अधिक. ारियों के द्वारा खानापूर्ति कर वन भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वन विभाग के द्वारा हुए अतिक्रमण को जल्द खाली कराए नहीं तो ग्रामीणों के द्वारा पश्चिम वन प्रमंडल हजारीबाग मुख्यालय गेट के समक्ष धरना दिया जाएंगे।



## RAINBOW SCHOOL BARHI
RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।
नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।
Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...
बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
## कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!
सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है
## कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)
तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जयन्त सिन्हा को मिला सर्वश्रेष्ठ सांसद अवार्ड, भाजपाई में खुशी की लहर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण नई दिल्ली में स्क०च एजेंसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा को 2022 का सर्वश्रेष्ठ सांसद का अवार्ड से समान्नित किया गया। उक्त बातो की जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया कि एजेंसी ने सर्वे में पाया कि भारत सरकार द्वारा सांसद को वित्त संबधी विभाग के सभापति के रूप में बेहतर कार्य व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कोरोना काल के दौरान किये गए बेहतर कार्यो के सम्मानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने कहा सांसद जयन्त सिन्हा इस अवार्ड के हकदार है। भाजपाई ने जयन्त सिन्हा को अवार्ड मिलने पर भाजपाई में खुशी का लहर है। जिला महामंत्री सुनील साहू ने कहा कि ये सम्मान हज़ारीबाग को गौरा. न्वित करने वाला अवार्ड है। खुशी प्रकट करने वालो में सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुकुंद साव, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, सांसद प्रति. निधि सीताराम साहु, सुनील कुमार सिंह, मंडल महामंत्री आशीष कुमार सिंह,कृष्णा कुमार साव, पंचायत सांसद प्रतिनिधि उतम गंझू, मिथुन कुमार दांगी,बृजनंदन प्रसाद सिंह,संजय नायक,बिनोद कुमार साव,पुष्पा सिंह,राजेश गुप्ता,मनीष सिन्हा,ज्ञानी साव,रंजीत पांडे,लक्ष्मण साव, रामसेवक राणा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष उदय सिंह, भरत सिंह,परमेश्वर साहु,मंडल उपाध्यक्ष रामाधीन पांडे,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता,महिला मोर्चा की रुबी देवी,किसान मोर्चा अध्यक्ष देव कुमार दांगी,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नीपू रजक,अनुसूचित जन जाति मोर्चा अध्यक्ष खेमलाल सिंह खेरवार वरिष्ठ कार्यकर्ता शंकर नाथ शाही सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल है,

## ईलाज के अभाव में बिरहोर महिला की मौत, चिकित्सीय सुविधाओं से दूर है सुदूरवर्ती इलाका

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण उग्रवाद प्रभावित चोरदाहा पंचायत के जमुनियातरी में एक महिला का मौत ईलाज के अभाव में हो गया। मृतक के पति विकास बिरहोर ने बताया कि मेरी पत्नी कुछ दिनों से बीमार थी। स्थिति बिगाड़ता देख हमने उसे चौपारण के एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती करवाया। जिसके बाद निजी चिकित्सक ने इलाज करने के साथ शनिवार को महिला की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे कोडरमा रेफर कर दिया। बताया जाता है कि रास्ते में ही महिला की मौत हो गया था बाद में उसे कोडरमा सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उस के पार्थिव शरीर को एंबुलेंस के द्वारा वापस चौपारण भेज दिया गया बताते चलें कि महिला कुछ दिनों से बीमार चल रही थी उसके पति ने बताया कि चौपारण सामुदायिक अस्पताल में भी इलाज कराया परंतु कोई सुधार नहीं हुआ इसके बाद लाचारी में उसे निजी इलाज कराने लगाए लेकिन अपनी पत्नी को बचा नहीं सके शनिवार को उसकी मौत की सूचना पत्रकारों द्वारा वीडियो तक पहुंचने पर 50 किलो अनाज तथा नगद 2000 की राशि देकर सहायता पहुंचाई गई एमओ भूतनाथ महतो ने जमुनियातरी पहुंचकर पीड़ित परिवार को अनाज दिया। बिरहोर महिला के मौत से कई सवाल खड़ा होता है। आज भी चिकित्सीय सु. विधाओं से दूर है सुदूरवर्ती इलाको में कई दिनों तक बीमार रहते है घरेलू उपाय के बाद जब बीमारी ठीक नही होता तो उसे ह०स्पिटल लाया जाता है।




## कुशवाहा संघ गिरिडीह का प्रखंड स्तरीय चुनाव संपन्न



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज शनिवार को कुशवाहा संघ गिरिडीह जिला कमिटी के निर्देशानुसार प्रखण्ड कमिटी गाण्डेय के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन सह पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन बुधुडीह सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित कुशवाहा संघ जिला उपाध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद दिवाकर ने कहा कि किसी भी संगठन का रीढ़ ग्रामीण समितियों एवं प्रखंड समिति होता है। युवाओं एवं महिलाओं को आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को समझें और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएं।संघ के सांगठनिक ढांचे पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को मजबूत बनाने हेतु ग्रामीण पर संगठन खडा किए बगैर सशक्त संगठन की कल्पना नहीं की जा सकती है। कुशवाहा संघ एक निबंधित संस्था है जो अपने संवैधानिक व्यवस्था के तहत कार्य करती है। सम्मेलन में सर्व सम्मति से प्रखण्ड कमिटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें नरेश वर्मा अध्यक्ष, मोहन वर्मा मंत्री, नवीन कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष,भूषण वर्मा संगठन मंत्री,देवन्ती देवी महिला प्रमुख, सरयु वर्मा किसान प्रमुख , महेंद्र प्रसाद वर्मा, भैरव प्रसाद वर्मा,रुबी देवी, संदीप वर्मा को जिला प्रतिनिधि सहित 4सहमंत्री, 4 उपाध्यक्ष एवं 21 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया जिन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सम्मेलन की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष श्री प्रसाद वर्मा एवं संचालन महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया प्रतिनिधि संदीप वर्मा ने किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से महामंत्रीओमप्रकाश महतो, युवा प्रमुख कैलाश कुमार वर्मा,केशव वर्मा,जीवलाल वर्मा, भैरव प्रसाद वर्मा,देवन्ती देवी,सीमा कुमारी इत्यादि ने संबोधित किया जबकि रवीन्द्र वर्मा, विनोद कुमार वर्मा कामदेव वर्मा,तारा प्रसाद वर्मा,बा. सुदेव वर्मा,अकल वर्मा,सुरेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा,दिलीप वर्मा कुलदीप वर्मा इत्यादि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## आम आवाम की आवाज बुलंद करना हमारा पहला प्राथमिकता होगा :- शिव कुमार

**अपेम लाइव : जामुआ**
**सब्बा अहमद**



प्रखंड के सियाटांड़ पंचायत अंतर्गत गोल्हैया निवासी शिवकुमार को उनके पत्रकारिता और सामाजिक कार्यो में निष्ठा पुरस्कार सक्रियता को देखते हुवे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने गिरिडीह जिला सोशल मीडिया प्रभारी का कार्य दायित्व सौपा। डॉ रणधीर कुमार ने कहा की सोशल मीडिया एवं अखबार में आम आवाम की आवाज को लेकर प्रमुखता से खबर चलाने वाले एवं इमानदार और मानवता के धनी व्यक्ति को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया हूं हमें उम्मीद है इनके नेतृत्व में लोगों की आवाज अधिकारी तक पहुंचेगी । वही मानवाधिकार जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव कुमार ने कहा मुझे मानवाधिकार ने इस लायक समझा और हमें यह जिम्मेवारी सौंपी गई है मैं पूरे ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक अपने दायित्व का निर्वाह करूंगा . और कहां आम आवाम की आवाज बुलंद करना एवं अधिकारियों तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होगा ।जिला सोशल मीडिया बनने पर सुबहह से ही सोशल मीडिया फेसबुक ,व्हाट्सएप ,ट्विटर ,इंस्टाग्राम ,इत्यादि से दिन भर लोग बधाई देते रहे। बता दे की शिवकुमार ने अख़बार के माध्यम से समाज में फैले भरस्टाचार को बेहिचक उजागर करने का कार्य वर्षो से कर रहे है।

## डीएसओ ने जिले के 72 पीडीएस दुकानदारों से मांगा स्पष्टीकरण

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी के बदले तेवर से राशन दुकानदारों में मची हड़कम्प

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



जिला प्रशासन का बदला तेवर। गरीब राशन कार्डधारकों की अनाज की होगी कड़ी निगरानी।इस बाबत जिले के 72 पीडीएस दुकामदारों से मांगी गई है स्पष्टीकरण। उक्त जानकारी एसडीएम कम डीएसओ मोहम्मद मुमताज़ अंसारी ने दिया। ज्ञात हो कि 23 मार्च को डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में खाद्यान्न आपूर्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई थी।जिस में खाद्यान्न वितरण के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माह-मार्च, 2022 के लिए चतरा जिला हेतु ग्रीन कार्डधारियों के लिए खाद्यान्न प्राप्त ही नहीं हुआ है, परंतु आहार पोर्टल में जन वितरण प्रणाली दुकान का 32 कार्डधारियों को 2.20 क्विंटल का चावल वितरण प्रदर्शित हो रहा है। स्पष्ट है कि बिना खाद्यान्न वितरण किये ई-पॉस मशीन से वितरण पर्ची निकाल लिया गया है। जो किसी भी दृष्टिकोण से नियमसंगत नहीं है। यह कृत्य खाद्यान्न के गबन अर्थात कालाबाजारी की मंशा को दर्शाता है। डीडीसी श्री गुप्ता ने तीन दिनों के अंदर उपरोक्त बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। समीक्षात्मक बैठक में निर्णय लिया गया कि दोषी पाए जाने की स्थिति में झारखण्ड लक्षित जनवितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2019 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाय। समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय को पालन करते हुए डीएसओ श्री अंसारी द्वारा सिमरिया और गिधौर को छोड़ कर जिले के सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारियों जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को स्पष्टीकरण का पत्र तामिला कराने के संबंध मे पत्र लिखा गया है। जिसमें चतरा में 05 हटरगंज में 06, टण्डवा मे 01,प्रतापपुर में 08, लावालौंग में 01, कुन्दा में 1, कान्हाचट्टीमें 01, पत. थलगडा 01, मयूरहण्ड में 09 ईटखोरी में 37 जनवितरण प्रणाली के दुकामदारों से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही गई है।

## पत्नी की हत्या कर खुद फंदे पर झूल गया पति

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



फंदे पर झूलता पति तथा मृतक पत्नी का शव

पत्नी की हत्या करने के बाद पति खुद गले में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया। यह सनसनीखेज घटना शनिवार के तड़के चार बजे प्रखंड के मड़मो पंचायत अंतर्गत डुमरियाटांड टोले में हुई। सुबह जब मृत दंपति के बच्चे सोकर उठे तो घटना देखकर हो-हल्ला किया। सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पा.ेस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच कुछ दिनों से घरेलू विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात पति महेश तुरी (50) पिता सोहर तुरी नशे की हालत में घर लौटा और पत्नी मंजू देवी (45) से किसी घरेलू बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा करने लगा। लड़ाई-झगड़ा एवं मारपीट के डर से पत्नी बच्चों को घर पर छोड़कर घर के बगल वाले छत पर सोने के लिए चली गई। पौ फटने से पहले तड़के चार बजे महेश पुनः छत पर सोई पत्नी के पास कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और नींद की हालत में हीं कुल्हाड़ी से पत्नी की कनपटी पर वार कर दिया। इससे मौके पर हीं उसकी मौत हो गई। इसके बाद पति घर के बाहर लगे कटहल के पेड़ पर गले में रस्सी का फंदा लगाकर झूल गया। सुबह जब बच्चे और आसपास के लोग सोकर उठे तो हतप्रभ रह गए। बताया जाता है कि घर की आर्थिक स्थिति भी बेहतर नहीं है। दोनों के तीन बेटी और एक पुत्र है। इनमें दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। घटना के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस घटना को लेकर दबे जुबान अन्य तरह की भी चर्चाएं हैं।

## अपील : महुआ के चंद फायदा के लिए जंगल में न लगाए आग, वन विभाग प्रतापपुर

### वन विभाग ने की जंगल में आग नहीं लगाने की अपील

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**




वन विभाग प्रतापपुर के फोरेस्टर विकास कुमार रंजन ने ग्रामीणों से जंगल में आग नहीं लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि पतझड़ के इस मौसम में जंगलों में साल के पेड़ों समेत अन्य पेड़ों में सूखे पत्ते टूटकर जंगलों में गिरे हुए हैं। ऐसे में इस बात को लेकर सावधानी बरतनी चाहिए कि गलती से उन पत्तों में आग ना लगे। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी आग से पूरा जंगल जल जाता है। जिससे भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जंगलों में जड़ी-बूटी, औषधीय पौघे, कीड़े मकौड़े, दुर्लभ सांप, खरगोश आदि जलकर राख हो जाते हैं। जिसका विपरित प्रभाव प्रकृति पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गर्मी के दिनों में जंगल मे शिकार खेलने के लिए जंगल मे आग लगाते है, ताकी जंगल मे रह रहे छोटे जनवर आग से डरकर भगने लगे और उसे मार दिया जाता है। इसके अलावा महुआ चुनने के लिए ग्रामीण सूखे पत्तों को जला देते है।

## वन विभाग की अवैध कोयला माफियाओं पर हुई कार्रवाई

### अवैध कोयला को बिहार ले जाने के क्रम में पांच ट्रकों को किया गया जब्त

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**





वन प्रमंडल पदाधिकारी चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रभात कुमार वन परिसर पदाधिकारी चतरा के नेतृत्व में चेक नाका नंबर 2 के समीप चतरा डोभी मुख्य सड़क पर वन भूमि से अवैध रूप से कोयला ला रहे बारह चक्का ट्रक को जब्त किया गया।जिसमें पांच ट्रक शामिल हैं।जिनमे (1)JH02AP4352 (2)JH02AX8755 (3)WB37C3865 (4)JH01DN1480 (5)JH02T6828 को जप्त कर वन परिसर कार्यालय चतरा लाया गया।तथा तीन अभियुक्तों(1) उदय कुमार ग्राम ओरैया डोभी गया (2)सुनील साव ग्राम बालूमाथ लातेहार (3)रंजन कुमार यादव ग्राम मनसिंघा बालूमाथ लातेहार को गिरफ्तार किया गया। इस अभियान में वनरक्षी दीपक कुमार पासवान,अनुज कुमार,निशांत कुमार,महेश्वर महथा,संजय कुमार,सुनीता तिग्गा,रोहित प्रसाद यादव,जयराम उरांव तथा चालक कैलाश कुमार एवं प्रशांत कुमार शामिल थे।अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।इधर वन वी विभाग के इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कम्प ब्याप्त है।हालांकि माफियाओं ने पहले जम कर वन विभाग से मैनेज के चक्कर मे रहे लेकिन जब वह विभाग का नाकारात्मक जवाब के बाद माफियाओं की हेकड़ी भी गुल हो गई। पुलिस के सेटिंग से ही चल रही है कोयले की अवैध खेल रु- कोयले की इस अवैध कारोबार में निश्चित रूप से कोयले के माफियाओं के संग चतरा पुलिस की मिली भगत की बू आ रही है।चतरा शहर के बीचों बीच से प्रतिदिन दर्जनो ट्रक कोयला डोभी होकर बिहार भेजा जा रहा है लेकिन उसे रोकने या पूछने की भी जरूरत पुलिस नहीं करती है।और जब वन विभाग शनिवार को पांच ट्रक कोयला लदा हुआ गाड़ी ओ पकड़ाया तो मामला प्रकाश में आया की प्रतिदिन चतरा शहर से होकर दर्जनों वाहन कोयला लेकर गुजरती है जिसे पुलिस नहीं रोकती है।इससे पुलिस और कोयला माफियाओं की मिली भगत से ही सम्भव है।

APEM
LIVE

